**श्री राम नरेश यादव** (उत्तर प्रदेश ): महोदय, पूरे सदन को इस विशेष उल्लेख से सहमत होना चाहिए, क्योंकि यह बहुत ही महत्वपूर्ण विषय माननीय सदस्या ने उठाया है ।

**Communal situation and prevailing State of anarchy in Faizabad**

**कुमारी आलिया** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, आपने मुझे इस स्पेशल मेंशन पर बोलने का समय दिया, इसलिए मैं आपकी बहुत-बहुत आभारी हूं ।

उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपका ध्यान उत्तर प्रदेश में फैजाबाद डिस्ट्रिक्ट की ओर आकर्षित करना चाहती हूं जहां से कि मेरा ताल्लुक है और जो मेरी जन्मभूमि भी है । अभी-अभी फैजाबाद मे 3 तारीख को जिस दिन राम नवमी थी उस दिन कब्रिस्तान को लेकर, जहां पर कि ऐसी कोई बात नहीं थी, भारतीय जनता पार्टी के लोगों ने जज्बाती नारे लगाए कि बाबर की संतान, अगर तुम्हें हिंदुस्तान में रहना है तो हमारी ही बात आपको माननी होगी । वहां उन्होंने पेड़ कटवाया और पेड़ कटवाने के बाद कब्रिस्तान के पेश इमाम को पीटा और अकलियत के घरों को आग लगायी गयी । वहां सरकार पूरी तरह से विफल रही है और अकलियत को पिटवा रही है । वहां गिरफ्तारियां करवा रही है । यह रमजान का महीना है । 70-70 साल के लोगों को 307 में गिरफ्तार कर जेल भेज रहे हैं जो कि बेकसूर है ।

महोदय; वहां अगर इस तरह से राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार अकलियत को पिटवाएगी और उसको मरवाएगी तो यह बहुत ही शर्मनाक और दुखदायी बात होगी । ऐसा करने से बहुत ही जबर्दस्त खतरा वहां पैदा हो सकता है । इसके अलावा रतिया, सब्जी मंडी, हस्नू कटरा और तमाम ऐसे मौहल्ले हैं जहां पर कि बेकसूर लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है, उनको पीटा जा रहा है, उनके घरों को आग लगायी जा रही है । रियासत अली कसाई के घर में आग लगायी गयी । उसको गिरफ्तार किया गया, उसका पूरा परिवार जल जाता, अगर वहां पर आसपास के लोग न पहुंचते । यह बहुत ही शर्मनाक घटना है । राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार ने अकलियत से यह वायदा किया था कि कोई भी ऐसा काम, कोई भी ऐसी मशाल आपको नुकसान पहुंचाने वाली नहीं होगी । लेकिन तीन महीने के अंदर राष्ट्रीय मोर्चे की सरकार ने अकलियत को जबर दस्त ढंग से पिटवाया, चाहे वह अहमदाबाद हो, चाहे वह पंजाब हो, चाहे कश्मीर हो । तमाम ऐसी जगह, यह सारे हिंदुस्तान में राइट्स करवा रहे हैं, जिससे मुल्क के हालात दिन-पर-दिन बदतर होते जा रहे हैं ।

मान्यवर, इस तरह से वायदे करने के बावजूद, माननीय प्रधानमंत्री वी०पी० सिंह ने वायदा किया था कि जब उनकी सरकार आएगी तो राइटस् पर कंट्रोल होगा और जब इनकी सरकार आई, तो मेरे ख्याल से हजारों राइट्स इन्होंने करवाए, यहीं दिल्ली में बैठकर निजामुद्दीन में अकलियत को पिटवाया, अहमदाबाद में पिटवाया, कश्मीर में पिटवाया, तमाम जगहों पर इन अकलियतों को पिटवाया गया है और इनको मारा जा रहा है।... **(व्यवधान)**....यह सरासर नया तरीका, पैर तुड़वा दीजिए दीवालों से।.... **(व्यवधान)**....तो यह साफ बता दें कि पेक्ट हो गया है कि हम बी०जे०पी० के कार्यकर्ताओं से अकलियत के लोगों को पिटवाएंगे, उनको गिरफ्तार करवाएंगे और सरकार खामोशी के साथ बैठेगी ।

मान्यवर, इन्हीं शब्दों के साथ आपने जो मुझे समय दिया, उसके लिए आपका शुक्रिया अदा करती हूं ।

**Unfavourable Treatment to small-scale Wax Industry by Delhi Administration**

THE VICE-CHAIRMAN (DR. R. K. PODDAR): Shri Ram Awadhesh Singh. Everybody should be time bound.